an>

Title: Need to set up a world class sports centre in Baghpat parliamentary constituency, Uttar Pradesh.

डॉ. सत्यपाल सिंह (बागपत) : बागपत लोकसभा क्षेतॣ राष्ट्रीय राजधानी परिक्षेतॣ (एन.सी.आर.) का पिछले बहुत वर्षों से एक महत्वपूर्ण भाग है। यह क्षेतॣ एक दिशा में दिल्ली से लगा हुआ होने के बावजूद भी वर्षों से विकास कार्यों से लगभग अछूता रहा है। दिल्ली के चारों और केवल मातॣ बागपत जिला ही सबसे पिछड़ा हुआ क्षेतॣ बचा है। उत्तर पॣदेश का कभी यह समृद्धशाली जिला विकास के क्षेतॣ में मीलों पिछड़ गया है। "चिराग तले अंधेरा" इस हिन्दी मुहावरे का बागपत लोकसभा क्षेतॣ एक अच्छा उदाहरण है। खेल-सुविधा एवं उद्योग-धंधों के अभाव में हमारे सैंकड़ों युवक आज हीनता और अपराध के शिकार बन रहे हैं। सौभाग्य से केन्द्र सरकार की कुछ योजनाओं से, जो इस क्षेतॣ में कॣियान्वित हो रही हैं, यहां के लोगों की उम्मीदें जगी हैं।

बागपत लोकसभा क्षेतॣ के युवा बच्चों ने पिछले कई दशकों में, सभी सुविधाओं के अभाव में भी अपना नाम रोशन किया है। शूटिंग, तीरंदाजी, कुश्ती, बॉलीबाल, बास्केटबॉल व डिस्कस-थॣो आदि खेलों में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तरों पर ख्याति अर्जित की है। इस वर्ष की ओलम्पिक में जाने वाली टीम में लगभग एक-तिहाई खिलाड़ी हरियाणा से है क्योंकि पिछले कई दशकों में हरियाणा व केन्द्र सरकार ने हरियाणा की धरती पर खेल संबंधी आधुनिक सुविधाओं का निर्माण किया है एवं खिलाड़ियों को पॣोत्साहन देने की नीति का कॣियान्वयन किया है। यमुना के पूर्व में बागपत की उर्वरा धरती में वही परम्परा, संस्कृति व लगन के बीज मौजूद हैं जिससे देश को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेल जगत में गौरव पॣाप्त हो सकता है।

मैं भारत सरकार से यह निवेदन करता हूं कि बागपत लोकसभा क्षेतॣ में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेल संस्थान का निर्माण कराया जाए जिससे खेलों में उभरती हुई पॣतिभाओं को खिलने का बहुमुखी अवसर मिल सके। दिल्ली के पास होने के कारण ये सुविधाएं दिल्ली में आगे होने वाली राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं के समय में भी काम आ पाएंगी।